हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, सोमवार 20 जुलाई 2026

तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

11 राष्ट्रगौरव के प्रतीकों पर हो गरियाबंद के प्रमुख चौकों...



12 बाघ संरक्षण ही नहीं, प्रकृति संरक्षण का ग्लोबल...





LIFE CARE DIAGNOSTIC CENTRE
Your Health, Our Priority
राजिम नवापारा में पहली बार
MRI MACHINE का आगाज
अब उन्नत तकनीक, सटीक जांच और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं आपके शहर में
50% OFF
GRAND OPENING Ceremony
उदघाटन
13 जुलाई 2026, दिन - सोमवार
Pattharra Mode, College Road, Vyavahar Nyayalay ke Pass, Rajim, Contact : +91 86022 59351



10वीं-12वीं पास विद्यार्थी ध्यान दें- औद्योगिक सुरक्षा एवं अग्निशमन प्रशिक्षण द्वारा नौकरी सुनिश्चित करें...

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंधन पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्ध कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं

इच्छुक छात्र- छात्राएं आवेदन करें
फायर सेफ्टी के कोर्स
1. एक वर्ष फायर सेफ्टी
2. एक वर्षीय इंडस्ट्रियल सेफ्टी
3. बी.एस.सी. फायर सेफ्टी
4. सेनेटरी हेल्थ इंस्पेक्टर
5. (ADIS) एडवांस्ड डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी
6. (PDIS) पोस्ट डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी
7. सर्टिफिकेट कोर्स फायर एवं सेफ्टी



विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्याथियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जावेगा। प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए-**

**पताः फायर सेफ्टी एवं डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)**
**संपर्क करें: मो. 7697212782**
Advt.

प्रवेश प्रारंभ
B.P.Ed., B.P.E.S., BCA, Bsc. (CS/IT), B.Com., PGDCA, DCA
PG Diploma in Yoga Edu.
AICTE एवं NCTE से मान्यता प्राप्त
(पं. र.वि.वि. रायपुर से सम्बद्ध)
नेताजी सुभाष कॉलेज बेलभाठा, अभनपुर
मो.न. - 8103982557

## खबर संक्षेप

### रोहित साहू का रूद्राक्ष पौधारोपण समारोह आज

**राजिम।** छत्तीसगढ़ सनातन दसनाम गोस्वामी समाज के तत्वावधान में राजिम में दोपहर 2 बजे विधायक रोहित साहू के मुख्य आतिथ्य में शीतला माता मंदिर परिसर में रूद्राक्ष पौधारोपण समारोह होने जा रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता रूद्राक्ष शोध संस्थान बिलासपुर के अध्यक्ष आचार्य डॉ. गिरधर शर्मा जी करेंगे। यह जानकारी देते हुए समाज के अध्यक्ष काशीपुरी कुंदन ने बताया कि विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पालिका परिषद राजिम के अध्यक्ष महेश यादव, दसनाम गोस्वामी समाज के संरक्षक उमेश भारती और समाज के प्रांताध्यक्ष कवि काशीपुरी कुंदन मौजूद रहेंगे।



### सोनम वांगचुक के समर्थन में किसान संघ का प्रदर्शन आज

**फिंगेश्वर।** भारतीय किसान यूनियन जिला गरियाबंद के द्वारा सोनम वांगचूक के समर्थन में सोमवार 20 जुलाई को फिंगेश्वर के पुराना बस स्टैंड में मानव श्रृंखला बनाकर प्रदर्शन किया जायेगा। कार्यक्रम को लेकर किसानों को आमंत्रित किया गया है।



### खेतों से मोटर पंप चोरी, किसानों ने आरोपियों को पकड़ा

**महासमुंद।** ग्राम चिरको में खेतों से मोटर पंप चोरी के मामले में पांच आरोपियों के विरूद्ध पटेवा थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि ग्राम चिरको के पुनीत पटेल पिता बुटू पटेल ने रिपोर्ट लिखाई है कि वह भूपेश बांधे पिता जागेश्वर कुमार बांधे निवासी कमल विहार रायपुर के जमीन को रेगहा लेकर खेती करता है। खेत में भूमि स्वामी के द्वारा सबमर्सिबल पंप लगाकर दिया गया है, जिसको 07-08 अप्रैल को किसी ने चोरी कर लिया। जिसकी तलाश करने के दौरान पता चला कि गांव के हिरामन निषाद व लोकेश ध्रुव पूर्व में गांव में चोरी करते पकड़े गए थे, जिसने सार्वजनिक मींटिग रखकर पूछताछ की गई। मामले की रिपोर्ट पर पटेवा थाने में आरोपियों के विरूद्ध धारा 303(2), 3(5) बीएनएस तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है।

विडंबना : एक कमरे की झोपड़ी में लग रही हैं 5 कक्षाएं

# शिक्षा व्यवस्था बदहाल, मोतीपानी के बच्चे झोपडी में भविष्य गढ़ने मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

बेहतर शिक्षा व्यवस्था के तमाम दावों की पोल खुल रही है। गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र में आजादी के 79 वर्षों बाद भी इस रत्नांचल क्षेत्र के बच्चों को पढ़ाई करने के लिए शासन प्रशासन द्वारा एक स्कूल भवन तक उपलब्ध नहीं कराया जा सका है जिसके कारण आज भी मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र में पहाड़ी के ऊपर कही पेड़ के नीचे शासकीय स्कूलों का संचालन हो रहा है। तहसील मुख्यालय मैनपुर से 35 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत भूतबेडा के आश्रित ग्राम मोतीपानी में से 25 वर्ष पहले शासन ने शासकीय प्राथमिक शाला प्रारंभ किया है और वर्तमान में इस स्कूल में पिछले सत्र में 41 छात्र-छात्राएं अध्यनरत है। इन बच्चों को पढ़ाने के लिए दो शिक्षक की व्यवस्था किया गया है लेकिन एक शिक्षक को अन्यत्र व्यवस्था कर देने के कारण एक शिक्षक झोपड़ी के भीतर एक कमरे में पांच कक्षाओं को का संचालन कर रहे है, इस सबंध में ग्राम पंचायत भूतबेडा के



### अतिरिक्त कमरा का निर्माण कार्य दो वर्षों से अधूरा

ग्राम मोतीपानी में लाखों रूपये अतिरिक्त कमरा निर्माण के लिए स्वीकृत किया गया है, इसे कौन निर्माण एजेंसी द्वारा कार्य किया जा रहा है, कोई ग्रामीणों को पता नही है, निर्माण कार्य बहुत धीमा गति से चल रहा है यदि इस अतिरिक्त कमरा का निर्माण कर दिया जाए तो यहा के बच्चों को काफी सुविधा मिलेगी। सुशासन शिविर मे मिला आश्वासन अधूरा-गोना में आयोजित सुशासन शिविर के दौरान गरियाबंद कलेक्टर ने 15 जून तक नये स्कूल भवन निर्माण करवाने की बात कही थी लेकिन नया शिक्षा सत्र प्रारंभ होने के एक माह बाद भी नया स्कूल भवन तैयार नहीं हो सका और बच्चे आज भी इस झोपड़ी नुमा एक कमरे के स्कूल मे पांच कक्षाएं संचालित हो रहा है।






पूर्व सरपंच अजय नेताम, वरिष्ठ ग्रामीण गुलाल मरकाम, पतिराम, रविन्द्र मरकाम, दुलार मरकाम, नवल सिंह ने बताया कि लगभग 24-25 वर्ष पहले मोतीपानी में शासकीय प्राथमिक शाला प्रारंभ किया गया है और 15 वर्ष पहले यहा लगभग 05 लाख 35 हजार रूपये के लागत से स्कूल भवन का निर्माण भी किया गया था, लेकिन स्कूल भवन पूरी तरह जर्जर ▶▶|शेष पेज 10 पर

## उदंती टाइगर रिजर्व में घायल चौसिंगा का सफल रेस्क्यू



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व की रेस्क्यू टीम ने एक बार फिर वन्यजीव संरक्षण के प्रति अपनी तत्परता का परिचय दिया है। इंदागांव बफर परिक्षेत्र के धुरवागुड़ी के पास जंगली कुत्तों के हमले में गंभीर रूप से घायल हुए दुर्लभ चौसिंगा (फोर-हॉर्न्ड एंटीलोप) का सफलतापूर्वक रेस्क्यू कर उसकी जान बचाई गई। यह अभियान क्षेत्रपाल (आरएफओ) सुशील कुमार सागर के नेतृत्व में चलाया गया। घटना की सूचना गरियाबंद पुलिस के एक उपनिरीक्षक ने वन विभाग को दी। सूचना मिलते ही रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची और घायल चौसिंगा को सुरक्षित निकालकर पशु चिकित्सकों की निगरानी में प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया गया। पूरे दिन निगरानी के बाद शाम को उसे उत्तर उदंती परिक्षेत्र स्थित चीतल सॉफ्ट रिलीज एन्क्लोजर में स्थानांतरित कर दिया गया, जहां पहले से दो अन्य रेस्क्यू किए गए चौसिंगा रखे गए हैं।

### कंस्ट्रक्शन कंपनी के सुपरवाइजर से मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम जंगलबेड़ा में एक कंस्ट्रक्शन कंपनी सुपरवाइजर के साथ मारपीट किए जाने की रिपोर्ट पर सरायपाली थाने में दो लोगों के विरूद्ध अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि जंगलबेड़ा स्थिति जोगेवार कंस्टक्शन कंपनी में सुपरवाइजर लोमश साहू पिता हेमंत साहू (21 वर्ष) के जंगलबेड़ा के किशोर मेहर एवं टेकचंद चौधरी ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट कर दी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 296, 115(2), 351(2),3(5) बीएनएस के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है।

## वन व चारागाह भूमि पर अतिक्रमण, प्रशासन मौन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

शासन द्वारा पर्यावरण को संतुलन बनाने के लिए चाहे जितनी भी कोशिश करले परंतु पर्यावरण का संतुलन अवैध कटाई और अतिक्रमण करने वाले के चलते संतुलित नहीं हो पाएगी। वनों की सुरक्षा के प्रति उदासीनता अधिकारी कर्मचारी के कारण यहां वन, वनभूमि, चारागाह,धरसा ये सभी असुरक्षित हैं। राज्य शासन वृक्षारोपण के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए हर वर्ष लाखों करोड़ों रुपए खर्च कर विश्व पर्यावरण दिवस कार्यक्रम चला रहे हैं। जिसके माध्यम से लोगों को पौधा रोपण करने और जंगलों को सुरक्षित रखने के साथ जंगली जानवर की अवैध शिकार रोकने का आह्वान करते हैं। परंतु ये सब ढकोसले है धरे के धरे रह जाते हैं। राज्य शासन द्वारा ग्रामीणों को वन भूमि का पट्टा देने की घोषणा के साथ ही ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले लोगों का मोह जंगल भूमि और चारागाह व धरसा उनमें लगे हुए पेड़ों की नुकसान और अतिक्रमण पहुंचाने के लिए उकसा रही है। राज्य शासन द्वारा लोगों को पट्टा मिलने की जानकारी मिलते ही मानो आज क्षेत्र में वन व वनभूमि पर अवैध कब्जा करने और उन भूमियों में लगे लकड़ियां की अवैध कटाई कर खेत बना लिया गया है। ज्ञात हो कि ग्राम रसेला में रविवार को ग्राम समिति, जनप्रतिनिधि, ग्रामीण, चारवाहों सहित सभी मिलकर वन, वनभूमि, ▶▶|शेष पेज 10 पर



## चरौदा में जर्जर आंगनबाड़ी भवन के कारण नौनिहालों की सुरक्षा खतरे में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

ग्राम पंचायत भवन चरौदा परिसर में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र का भवन अत्यंत जर्जर हो चुका है, जिसके कारण नौनिहालों को मजबूरीवश दूसरे भवन में बैठाकर संचालित किया जा रहा है। बरसात के मौसम में भवन की स्थिति और अधिक खतरनाक हो गई है। छत का स्लैब पूरी तरह जर्जर होने के कारण जगह-जगह ▶▶|शेष पेज 10 पर

### बजट की कमी से स्वीकृति लंबित, विधायक के प्रयासों से आस



ग्राम पंचायत चरौदा के सरपंच गजानंद साहू, उपसरपंच सूरज पटेल तथा महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना कार्यालय फिंगेश्वर के अधिकारी जितेंद्र साव द्वारा जर्जर भवन की जानकारी जिला प्रशासन को भेजी जा चुकी है। हालांकि वर्तमान में बजट की कमी के कारण नए भवन की स्वीकृति लंबित है। बताया जा रहा है कि राजिम विधायक रोहित साहू के प्रयासों से आगामी दो माह के भीतर नए आंगनबाड़ी भवन की स्वीकृति मिलने की उम्मीद है। शासन की प्राथमिकता भी आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण एवं स्वीकृति पर केंद्रित है। ग्रामीणों एवं अभिभावकों ने जिला प्रशासन, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा ग्राम पंचायत से मांग की है कि बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जल्द से जल्द सुरक्षित एवं सर्वसुविधायुक्त आंगनबाड़ी भवन उपलब्ध कराया जाए, ताकि नौनिहालों को सुरक्षित वातावरण में शिक्षा एवं पोषण सेवाएं मिल सकें।

पर्यावरण संरक्षण और महिला सशक्तीकरण के प्रति करेंगी जागरूक

# जिले में पहुंचीं 30 महिला बाइक राइडर्स, देंगी सड़क सुरक्षा और इको-टूरिज्म का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

प्रदेश के विभिन्न जिलों से आईं करीब 30 महिला बाइकर्स की मोटो क्वींस एडवेंचर टीम रविवार को जागरूकता अभियान के तहत गरियाबंद जिले के दूरस्त वनाचल में बसे उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व के मैनपर से 25 किलो मीटर दूर क्षेत्र के प्रमुख पर्यटन स्थल देवधारा पहुंची। इस दौरान गरियाबंद पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर ने हरी झंडी दिखाकर टीम को रवाना किया। महिला बाइकर्स का यह अभियान प्रदेशभर में महिला सशक्तिकरण, सड़क सुरक्षा, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और इको-टूरिज्म को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। रायपुर से राजिम होते हुए गरियाबंद फिर मैनपुर और कुल्हाड़ीघाट होते हुए देवधारा पहुंची इस टीम में गृहिणियां, छात्राएं, डॉक्टर, इंजीनियर, शिक्षिकाएं, आईटी प्रोफेशनल और व्यवसायी महिलाएं ▶▶|शेष पेज 10 पर





## कुल्हाड़ीघाट मार्ग में गड्ढे से हादसे की आशंका, मरम्मत की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

मैनपुर कुल्हाड़ीघाट मुख्यमार्ग में बारिश के कारण जिड़ार के पास सड़क किनारे मिट्टी बह जाने से गड्ढा हो गया है और इस गड्ढा में हमेशा दुर्घटना की अंदेशा बनी रहती है। क्षेत्र के लोगों ने लोक निर्माण विभाग से मांग किया है कि सड़क किनारे गड्ढा को भरवाया जाए।

## खबर संक्षेप

### महुआ शराब जब्त, एक आरोपी पर कार्रवाई

**महासमुंद**। सरायपाली पुलिस ने ग्राम दर्राभाठा में एक व्यक्ति के कब्जे से महुआ शराब बरामद किया है। पुलिस ने सूचना मिलने पर आरोपी श्रवण कुमार निषाद पिता रतिलाल निषाद (50 वर्ष) जलपुर थाना सरायपाली के कब्जे से 4.5 लीटर हाथ भट्टी निर्मित महुआ शराब कीमत 900 रुपएको बरामद किया। आरोपी के विरूद्ध धारा 34(1) ए आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### सीएम से स्मार्ट मीटर पर त्वरित संज्ञान का आग्रह इदरीस ने लिखा पत्र

**रायपुर**। स्मार्ट मीटर लगने के बाद बिजली बिलों में अप्रत्याशित वृद्धि की शिकायतों को लेकर छत्तीसगढ़ उर्दू अकादमी के अध्यक्ष इदरीस



गांधी ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर मामले में त्वरित संज्ञान लेने का आग्रह किया है। उन्होंने पत्र में कहा, प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से उपभोक्ताओं द्वारा बिजली बिलों में अचानक बढ़ोतरी की शिकायतें सामने आ रही हैं। लोगों का कहना है कि मासिक बिल अब कई गुना बढ़ गया है, जिससे उनके घरेलू बजट पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। कम खपत के बावजूद अधिक बिल आने की शिकायतों से उपभोक्ताओं में चिंता और असंतोष का माहौल बन रहा है।

### छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत का मुखी संवाद कार्यक्रम 26 को



**रायपुर**। छग पूज्य सिंधी पंचायत प्रदेश स्तरीय मुखी संवाद कार्यक्रम का आयोजन 26 जुलाई बैंक्वेट हॉल जोरा में होगा, जिसमें प्रदेश से लगभग 120 पंचायतों के मुखी एवं कार्यकारिणी सदस्य शामिल होंगे। इस दौरान समाज की एकता, उन्नति के लिए सुझाव, विचार पर चर्चा की जाएगी। साथ ही नए संविधान पर भी विचार-विमर्श कर उसे अमल में लाया जाएगा। शनिवार की समाज में रिश्तों में तकलीफ, रिश्तों में टूट, रिश्तों में भरोसे की कमी पर गंभीरता से विचार कर पंचायतों के माध्यम से सुलझाने का प्रयास किया जाएगा। इसी के तहत रायपुर शहर की समस्त पंचायतों की एक बैठक कर 26 जुलाई के मुखी संवाद कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम की तैयारी के लिए सभी को कार्यभार सौंपा गया। बैठक में रायपुर की समस्त पंचायतों ने एक सुर में समाज की एकता को मजबूत करने की बात कही एवं एक संगठन की बात पर विश्वास जताया। यह आयोजन की जानकारी संस्था के सह प्रवक्ता गौरव मंधानी ने देते हुए बताया कि बैठक में बाबा मुरलीधर उदासी, प्रदेश अध्यक्ष महेश दरयानी, अमित चिमनानी, अमर पारवानी, राज विक्रम, गिरीश लहेजा, बलराम आहूजा, कैलाश बालानी, अच्चूमल गावरी, अर्जुन दास ओछवानी, रमेश मिर्घानी, जीवत बजाज, तनेश आहूजा, जोधाराम वाधवाणी, प्रकाश रहेजा, मुरलीधर केवलानी, हरनाम तलरेजा, गुरनामाल रोहरा, सतराम दास बजाज, नरसा लालवानी आदि शामिल रहे।

### सालेम स्कूल में वार्षिक सम्मान समारोह




**रायपुर**। सालेम इंग्लिश स्कूल में वार्षिक सम्मान समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर शाला के छात्र-छात्राओं द्वारा उत्साहपूर्वक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति दी गई, जिसे सुनकर दर्शक झूम उठे। इसके बाद वेलकम डांस छात्र-छात्राओं द्वारा किया गया। साथ ही छग डायोसिस के पदाधिकारियों का पौधे देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में नवीन मसीह, सुषमा कुमार, बिशप डायोसिस ऑफ छत्तीसगढ़ एव चेयरमैन सीडीबीई तथा रेव्ह. सुबोध कुमार, नितिन लॉरेंस, जयदीप रॉबिन्सन, रुचि धर्मराज, वरिष्ठ पत्रकार जॉन राजेश पॉल, पूर्व विद्यार्थी अतुल सिंघानिया, महिमा पॉल, शालोम बनशियार, रूपिका लॉरेंस आदि शामिल थे।

# जलभराव रोकने निगम की कार्रवाई, मोवा ओवरब्रिज के नीचे तोड़े अवैध पाटे

*नगर निगम ने जलभराव रोकने शनिवार को कार्रवाई की है। मोवा ओवरब्रिज के नीचे नाले पर बनाए गए आधा दर्जन अवैध पाटों को जेसीबी मशीन और ड्रिल मशीन लगाकर तोड़ा गया। यह कार्रवाई नगर निगम जोन 3 कमिश्नरी ने होंडा शोरूम सहित अन्य संस्थानों को नाले पर बनाए गए अवैध पाटे को तत्काल स्वतः हटाने के नोटिस की अनदेखी के बाद की है। एक दिन पूर्व ही राजधानी के काशीराम नगर में नगर निवेश विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 23 घरों के सामने बनाए गए अवैध कब्जों को तोड़कर नाले की सफाई में आ रही बाधा को दूर किया था। हाल ही में हुई बारिश से जलभराव की स्थिति और इससे आम जनता को होने वाली परेशानी को देखते हुए निगम प्रशासन नाले-नालियों के ऊपर अवैध अतिक्रमण और पाटों को तोड़ने अभियान चला रहा है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दरअसल, नगर निगम जोन 3 क्षेत्र के कालीमाता वार्ड स्थित लोधीपारा चौक में मंडी गेट से अवंतिबाई चौक तक जलभराव की समस्या रही। इसका एक प्रमुख कारण लोधीपारा चौक में मोवा ओवरब्रिज के नीचे नाले पर बनाए गए अवैध पाटे को माना जा रहा है। इसके लिए जोन 3 कमिश्नरी ने होंडा शो रूम सहित अन्य संस्थानों को नाले पर बनाए गए अवैध पाटों को स्वतः तत्काल हटाने नोटिस दी। नहीं हटाने पर शनिवार को सुबह 9 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक जोन 3 की टीम ने जेसीबी और ड्रिल मशीन लगाकर आधा दर्जन अवैध पाटे को तोड़कर नाले की सफाई सुनिश्चित कराई।

दरअसल, मोवा ओवरब्रिज के नीचे लोधीपारा चौक के समीप होंडा शोरूम सहित अन्य संस्थानों द्वारा अपने



**»** ***होंडा शोरूम सहित अन्य संस्थानों ने नाले पर बनाए अवैध पाटे, पाटों को हटाने निगम ने दिया था नोटिस***

**»** ***मंडी रोड मुख्य मार्ग-अवंतिबाई चौक पर जलभराव से हो रही थी परेशानी***

व्यवसायिक संस्थानों के सामने नाले पर कब्जा जमाकर बड़े आकार के अवैध पाटे बना दिए, इससे नाला सफाई में परेशानी आ रही थी। आसपास के लोगों ने इसकी शिकायत जोन 3 कमिश्नरी सहित निगम मुख्यालय में भी की। जन शिकायत के बाद जोन कमिश्नर प्रीति सिंह के मार्गदर्शन में जोन के नगर निवेश टीम ने अवैध पाटा को तुड़वाकर नाला सफाई में आ रही बाधा दूर की।

सूत्रों के मुताबिक नगर निगम के पास ड्रिल मशीन नहीं होने से अवैध पक्के पाटों को तोड़ने किराए के ड्रिल मशीन लगाकर पाटे को तोड़ना पड़ा। तोड़फोड़ के लिए निगम के पास ड्रिल मशीन की आवश्कता है, जिस ओर निगम प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा है। तोड़फोड का यह अभियान कार्यपालन अभियंता ईश्वरलाल टावरे, सहायक, सहायक अभियंता नरेश कुमार साहू उप अभियंता पूनम साहू की उपस्थिति में चलाया गया।

## घर-घर पहुंचाया जा रहा स्मार्ट मीटर बदलने का आवेदन

# कांग्रेस का स्मार्ट मीटर बदलो अभियान प्रारंभ, उपभोक्ताओं से भरवाए फार्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा घरेलू बिजली उपभोक्ताओं की लगातार बढ़ती शिकायतों और स्मार्ट मीटर लगाए जाने के बाद अत्यधिक बिजली बिल की समस्या को लेकर जन अभियान की शुरुआत की गई। शनिवार को बरसते पानी में यह अभियान शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन के नेतृत्व में महंत लक्ष्मीनारायण दास वार्ड स्थित लाखेनगर चौक बिजली कार्यालय के सामने से प्रारंभ किया गया।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में घर-घर जाकर स्मार्ट मीटर बदलने एवं बिजली बिलों की जांच की मांग से संबंधित आवेदन पत्र वितरित किए तथा उपभोक्ताओं से आवेदन भरकर बिजली विभाग में जमा करने की अपील की। इस दौरान क्षेत्र के नागरिकों ने अभियान का समर्थन किया। अभियान के दौरान बिजली बिलों में अप्रत्याशित वृद्धि को लेकर लोगों में भारी नाराजगी देखने को मिली। अनेक उपभोक्ता स्वयं आगे बढ़कर आवेदन पत्र लेने पहुंचे और बताया कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद उनके बिजली बिल पहले की तुलना में कई गुना बढ़ गए हैं।



### ये थे मौजूद

आज के कार्यक्रम में शहर अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन, प्रमोद दुबे, विकास उपाध्याय, कुलदीप जुनेजा, आकाश शर्मा, सुशांत डे, बंशी कन्नौजे, सुयश शर्मा, कन्हैया अग्रवाल, राज देवांगन, विनोद ठाकुर, सुधा सरोज, मुन्ना मिश्रा, देवकुमार साहू, दीपक चौबे, संदीप शर्मा, प्रतीक तिवारी, ऋषि देवांगन, प्रीति सोनी, मुकेश कुकरेजा, वेंकट कुमार, सुरेशजैन, मोहसिन खान, ओमप्रकाश देवांगन, दिमेन्द्र डीप, अमित शर्मा, प्रणव चौबे सहित कांग्रेसियों के साथ दर्जनों नागरिक उपस्थित थे।

### बिरगांव में भी भरवाए आवेदन

जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण द्वारा आम जनता के हित में स्मार्ट मीटर हटाओ–जन आवेदन अभियान की शुरुआत बिरगांव ब्लॉक से की जा रही है। जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के जिला अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने बताया कि कांग्रेस कार्यकर्ता गांव-गांव एवं घर-घर पहुंचकर आम नागरिकों से स्मार्ट मीटर हटाने के लिए आवेदन भरवाएंगे तथा प्राप्त आवेदनों को संबंधित विद्युत वितरण कंपनी कार्यालय में जमा करेंगे। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार द्वारा जनता पर जबरन स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं, जिससे आम उपभोक्ताओं को भारी आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### कांग्रेस के पास लगातार आ रही शिकायतें : मेनन

शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन ने कहा, स्मार्ट मीटर लगाए जाने के बाद बड़ी संख्या में घरेलू उपभोक्ताओं के बिजली बिलों में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। लगातार लोग कांग्रेस के पास अपनी शिकायतें लेकर पहुंच रहे हैं। हमारा उद्देश्य जनता की आवाज को संगठित कर बिजली विभाग तक पहुंचाना है, ताकि प्रत्येक शिकायत की निष्पक्ष जांच हो और उपभोक्ताओं को राहत मिल सके। बीजेपी सरकार महतारी वंदन में 1 हजार देकर बिजली बढ़े बिल, ट्रैफिक चालान, टैक्स वृद्धि और महँगाई के माध्यम से जनता पर आर्थिक बोझ बढ़ाकर लूट रही है।

### सभी वार्ड में चलेगा अभियान, 2 हजार आवेदन वितरित : उपाध्याय

पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने बताया कि अभियान के पहले ही दिन 2,000 से अधिक आवेदन पत्र वितरित किए गए हैं। जो इस बात की सूचक है की लोग स्मार्ट मीटर से परेशान हैं, इसलिए उनका अभूतपूर्व समर्थन मिला है। पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा ने कहा, अब यह अभियान रायपुर शहर के सभी 70 वार्डों में चलाया जाएगा। कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता घर घर जाकर आवेदन भरवाएगा और जनता के अधिकारों की लड़ाई पूरी मजबूती से लड़ेगा।

# उत्कृष्ट कार्य, जवईबांधा की शिक्षिका सम्मानित

**नवापारा-राजिम**। शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य, नवाचार और राष्ट्र निर्माण में उल्लेखनीय योगदान देने वाले शिक्षकों को राजधानी रायपुर में एक भव्य राष्ट्रीय समारोह में सम्मानित किया गया है। राष्ट्रीय शिक्षा अंजोर भारत द्वारा आयोजित स्व. हरिवंश मिश्र राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान समारोह-2026 का आयोजन रायपुर स्थित विमतारा में हुआ। इस गरिमामय समारोह के मुख्य अतिथि हरिभूमि पत्र समूह एवं आईएनएच चैनल के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी थे। अध्यक्षता राष्ट्रीय शिक्षा अंजोर भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. पूर्णानंद मिश्रा ने की। मालूम हो कि इस वर्ष राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान के लिए देश भर से लगभग 700 आवेदन प्राप्त हुए थे। राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त शिक्षकों के एक उच्चस्तरीय पैनल ने निर्धारित मानकों के आधार पर सभी आवेदनों का गहन मूल्यांकन और भौतिक सत्यापन कर पूर्णतः निष्पक्ष, पारदर्शी और गुणवत्ता आधारित चयन प्रक्रिया के बाद देश के विभिन्न राज्यों से कुल 250 उत्कृष्ट शिक्षकों को अंतिम रूप से इस सम्मान के लिए चुना गया। जिसमें शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला जंवईबांधा में कार्यरत अंजुलता गिलहरे को सम्मानित किया गया। अंजुलता गिलहरे शिक्षिका द्वारा विद्यालयों और समुदायों में गुणात्मक शिक्षा, नवाचारी शिक्षण पद्धतियों, बाल-केंद्रित गतिविधियों, नैतिक



मूल्यों के संवर्धन,और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में कार्य किए गए तथा उनके मार्गदर्शन में विगत वर्षों से कई छात्र- छात्राओं को इंसपायर अवार्ड से पुरुस्कृत किया गया। अंजुलता गिलहरे को राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान मिलने पर उत्रसेन गहिरवारे अध्यक्ष नगर पंचायत, पूजा कोसले जिला पंचायत सदस्य, जीतेन्द्र मिश्रा प्रांताध्यक्ष अंजोर भारत, मुकेश साहू सरपंच जंवईबांधा, नीलकमल गिलहरे पार्षद, ओमप्रकाश सोनकला प्रधानपाठक,राकेश साहू अध्यक्ष एसएमसी, डुकेश साहू, धर्मदास भार्गव सेवानिवृत्त प्रधानपाठक, लोकेश गायकवाड़ पूर्व जनपदअध्यक्ष,चेतन साहू शिक्षक, जीरा जोगी शिक्षिका, होरी हरवंश, भूपेंद्र गिलहरे, संकुल समन्वयक हेम लाल ध्रुव, गजाधर साहू, मंजुलता गायकवाड़, पप्पू मिरी, हर्षदीप गिलहरे, मालिक राम साहू, भविष्य गिलहरे ने हर्ष व्यप्त की है।

# पंचायत सचिवों की हड़ताल अवधि का विशेष अवकाश में समायोजन, सीएम का जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा-बेलर

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा वर्ष 2025 में पंचायत सचिवों की 31 दिवसीय हड़ताल अवधि को नियमानुसार समायोजित करने तथा आवश्यकतानुसार विशेष अवकाश के रूप में मान्यता देने संबंधी आदेश जारी किए जाने के बाद प्रदेशभर के पंचायत सचिवों में खुशी का माहौल है। इस निर्णय का स्वागत करते हुए फिंगेश्वर विकासखंड पंचायत सचिव संघ के अध्यक्ष गोविन्द साहू चैतरा ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। गोविन्द साहू ने कहा कि शासन का यह निर्णय प्रदेश के हजारों पंचायत सचिवों के हित में उठाया गया एक संवेदनशील एवं स्वागतयोग्य कदम है। इससे सचिवों की सेवा अभिलेख संबंधी समस्याओं का समाधान होगा तथा उन्हें प्रशासनिक और मानसिक राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि पंचायत सचिव संघ लंबे समय से इस विषय को लेकर शासन का ध्यान आकर्षित करता रहा है। शासन द्वारा सकारात्मक निर्णय लिए जाने से सचिवों की वर्षों पुरानी मांग पूरी होने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल हुई है। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं पंचायत मंत्री विजय शर्मा का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए विश्वास जताया कि भविष्य में पंचायत सचिवों की अन्य लंबित मांगों, जैसे शासकीयकरण, वेतन विसंगति का निराकरण, सेवा सुरक्षा तथा पूर्ण पेंशन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी सकारात्मक निर्णय लिया जाएगा। श्री साहू ने कहा कि विधानसभा चुनाव के घोषणा पत्र एवं मोदी की गारंटी के अनुरूप प्रदेश के समस्त पंचायत सचिवों के शासकीयकरण की उम्मीद अब और मजबूत हुई है। मुख्यमंत्री एवं पंचायत मंत्री के प्रति आभार व्यक्त करने वालों में चेतन साहू सचिव चरौदा, गोवर्धन सेन सचिव बोड़की, यशवंत साहू सचिव चरभट्ठी, गोपेश सेन बारूला सेंदर, पुलस्त साहू चैतरा, हेमचंद साहू बिजली, नूतन साहू खुटेरी, बुद्धेश्वर साहू कुण्डेल, कुलेश्वर कोसरे, यशवंत निषाद सचिव परसदाकला सहित फिंगेश्वर विकासखंड के समस्त पंचायत सचिव शामिल रहे।

# मुख्यमंत्री से मिला पैरी घूमर संघर्ष समिति का प्रतिनिधिमंडल, खाद आपूर्ति पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

पैरी घूमर संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष एवं किसान नेता जीवन साहू के नेतृत्व में बिंद्रानवागढ़ क्षेत्र के ग्रामीणों, किसानों और सामाजिक कार्यकर्ताओं के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर क्षेत्रीय विकास तथा किसानों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान आदिवासी बहुल क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार, विकास कार्यों में तेजी तथा किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराने की मांग प्रमुखता से उठाई गई। किसान नेता जीवन साहू ने मुख्यमंत्री को बताया कि बिंद्रानवागढ़ का वनांचल क्षेत्र आज भी कई बुनियादी सुविधाओं से वंचित है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के ग्रामीण बेहतर सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य



आवश्यक सुविधाओं की अपेक्षा कर रहे हैं। साथ ही किसानों को समय पर यूरिया एवं अन्य उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल की बात गंभीरता से सुनते हुए आश्वस्त किया कि प्रदेश में जनहित और विकास से जुड़े किसी भी कार्य को रुकने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार गरीबों और किसानों के हितों के लिए लगातार कार्य कर रही है और आगे भी विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी।

बैठक के दौरान जीवन साहू ने किसानों को समय पर यूरिया एवं अन्य उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने का आग्रह किया। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों को खाद की कमी का सामना न करना पड़े, इसके लिए सरकार लगातार प्रयासरत है और आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। जीवन साहू ने मुख्यमंत्री के सकारात्मक आश्वासन पर विश्वास जताते हुए कहा कि यदि सरकार की घोषणाएं धरातल पर प्रभावी ढंग से लागू होती हैं, तो क्षेत्र के किसानों और ग्रामीणों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि बिंद्रानवागढ़ क्षेत्र के विकास कार्यों में भी आने वाले समय में तेजी आएगी।

# केके रोड मौदहापारा अब कृष्ण कुमार शर्मा मार्ग

## विधायक सुनील सोनी ने नामपट्टिका लगाकर किया अनावरण




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केके रोड मौदहापारा जयस्तम्भ चौक से फाफाडीह चौक तक का मार्ग अब कृष्ण कुमार शर्मा मार्ग के नाम से जाना जाएगा। रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी ने शनिवार को इस मार्ग की नामपट्टिका का अनावरण किया। इस मौके पर सभापति सूर्यकांत राठौर प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी ने स्वर्गीय कृष्ण कुमार शर्मा के परिवारजनों द्वारा विगत दिनों उनके ब्राम्हणपारा वार्ड क्षेत्र के निरीक्षण के दौरान उन्हें इस ओर ध्यान आकृष्ट करवाया और मार्ग के नामकरण पट्टिका लगवाने का अनुरोध किया। इस पर श्री सोनी ने तत्काल संज्ञान में लेते हुए नगर निगम सभापति सूर्यकान्त राठौड़ से चर्चा कर उन्हें केके रोड मौदहापारा में कृष्ण कुमार शर्मा मार्ग की नाम पट्टिका तत्काल बनवाकर लगवाने का सुझाव दिया।

रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी के सुझाव पर नगर निगम सभापति सूर्यकान्त राठौड़ ने जोन 2 के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देकर जोन 2 के माध्यम से कृष्ण कुमार शर्मा मार्ग नामकरण पट्टिका बनवाई। इसके बाद रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी ने नामकरण पट्टिका का अनावरण किया। इस मौके पर सभापति सूर्यकान्त राठौड़, ब्राम्हणपारा वार्ड पार्षद अजय साहू सहित सामाजिक कार्यकर्त्ता कृष्ण कुमार अवधिया, महिला मोर्चा मण्डल अध्यक्ष नीतू शर्मा, सामाजिक कार्यकर्त्ता आकाश पाण्डेय, चांदनी देवांगन एवं जोन 2 जोन कमिश्नर संतोष पाण्डेय, कार्यपालन अभियंता पी. डी. धृतलहरे,स्वर्गीय कृष्ण कुमार शर्मा के भतीजे अशोक शर्मा सहित उनके परिवारजन उपस्थित रहे।

## पेज 9 के शेष...

### शिक्षा व्यवस्था...

हो गया है, स्कूल भवन के भीतर छत से बडे-बडे प्लास्टर के टुकडे गिर रहा है, दीवारों में बडी-बडी दरारे आ गई हैं जिसके कारण इस जर्जर स्कूल भवन में कक्षा संचालित करना किसी खतरे से कम नहीं था जिसके कारण ग्रामीणों ने अपने स्वंय के पैसे से चार वर्ष पहले एक कमरे का झोपडीनुमा स्कूल का निर्माण किया है। और इस स्कूल में पिछले चार वर्षो से प्राथमिक शाला का संचालन किया जा रहा है, ऐसा नही कि इसकी जानकारी स्थानीय अधिकारियों को न हो स्थानीय अधिकारी कई बार स्कूल का निरीक्षण कर चुके है लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है और आदिवासी क्षेत्र के बच्चे अपने सुनहरे भविष्य इस झोपड़ी के भीतर गढ़ने मजबूर हो रहे हैं।

### वन व चारागाह...

चारागाह, धरसा में किए गए अतिक्रमण को निरीक्षण किया गया। जिसमें प्रत्येक्ष को प्रमाण की जरूरत नहीं होती है।स्पाट पर देखने को मिला पूर्व में वन विभाग द्वारा सैगोन, बांस पेड़ का पौधा रोपण हुआ था वहां पर लोगों ने अवैध कब्जा कर खेत बना लिया है। और प्रशासन मूक दर्शक बनें बैठीं है,माने उन्हें इसकी भनक भी नहीं है। जहां जहां वृक्षारोपण हुआ था वहां सिर्फ ठूठ दिखाई दे रहे हैं। यही स्थिति रही तो आगामी 2-3 वर्षो में वन और वनभूमि वीरान एवं मैदान नजर आने लगेगा। इससे क्षेत्र में पदस्थ अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा क्षेत्र में दौरा न कर अपने जिम्मेदारी का निर्वहन न करने और साफ़ इशारा करता है। निरीक्षण के दौरान ये लोग उपस्थित रहे उपसरपंच परमेश्वर यादव, ग्राम समिति अध्यक्ष बिग्रेद्र ठाकुर, धनीराम यादव, नंदूदास मानिकपुरी, नंदकिशोर यादव, वेदव्यास निषाद, रामायण ठाकुर,राघवेंद्र यादव, लोकराम ध्रुव, धनेश्वर ठाकुर, बिसाहू राम ठाकुर,योगराम नागेश, धनेश्वर दास, लक्ष्ण यादव, जिवराखन यादव, देवलाल साहनी, कमलदास, परमेश्वर पटेल,केशर नागेश, बध्दुराम ठाकुर, संतराम यादव, मोती मरकाम, लोकराम, खेमचंद ताण्डी, लखन ठाकुर सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

### चरौदा में जर्जर...

से पानी का रिसाव हो रहा है, स्लेब गिर रहा है। जिससे किसी भी समय बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। स्थानीय अभिभावकों ने बच्चों की सुरक्षा को लेकर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए जिला प्रशासन से शीघ्र समाधान की मांग की है। सरपंच गजानंद साहू, उपसरपंच सुरज पटेल का कहना है कि आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा एवं पोषण का महत्वपूर्ण केंद्र है, लेकिन भवन की खस्ता हालत के कारण बच्चों का भविष्य और सुरक्षा दोनों प्रभावित हो रहे हैं। भवन की दीवारें अभी भी अपेक्षाकृत मजबूत हैं, जबकि छत पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। विशेषज्ञों के अनुसार लगभग 5 से 6 लाख रुपये की लागत से भवन का जीर्णोद्धार कराया जा सकता है। वहीं नया आंगनबाड़ी भवन बनाने के लिए लगभग 11 लाख 69 हजार रुपये की आवश्यकता होगी।

### जिले में पहुंचीं...

शामिल थे। लंबी दूरी की बाइक यात्र के माध्यम से ये महिलाएं समाज को यह संदेश दे रही हैं कि महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बना रही हैं और आत्मविश्वास के साथ हर चुनौती का सामना करने में सक्षम हैं। टीम का उद्देश्य केवल एडवेंचर करना नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक सोच, आत्मनिर्भरता और अनुशासन का संदेश देना भी है। यहां की प्राकृतिक सुंदरता, जैव विविधता और पर्यटन स्थलों का प्रचार–प्रसार कर इको–टूरिज्म को बढ़ावा दिया जाएगा। साथ ही लोगों को हेलमेट पहनने, यातायात नियमों का पालन करने, स्वच्छता बनाए रखने और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया जाएगा। इस अवसर पर उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व के डीएफओ वरुण जैन, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रखर चंद्राकर, एसडीओपी निशा सिन्हा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। महिला बाइकर्स ने कहा कि उनका यह अभियान केवल रोमांचक यात्र तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज में सुरक्षित यातायात, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और महिला सशक्तिकरण के प्रति जनजागरूकता फैलाने की एक सार्थक पहल है।

**कुल्हाड़ीघाट और देवधारा जलप्रपात का भ्रमण-** उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के कुल्हाड़ीघाट वनक्षेत्र में रविवार को महिला बाइकर्स टीम ने दुपहिया वाहनों से रोमांचक भ्रमण किया टीम ने मैनपुर वन विश्राम गृह में भोजन ग्रहण करने के बाद जिड़ार ग्राम होते हुए कुल्हाड़ीघाट का रुख किया कुल्हाड़ीघाट पहुंचने पर बाइकर्स दल ने स्थानीय ग्रामीणों से आत्मीय जनसंवाद किया इसके बाद उन्होंने क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदर वादियों और पर्वतों को करीब से देखा भ्रमण के अगले पड़ाव में टीम प्रसिद्ध देवधारा जलप्रपात पहुंची, जहां प्राकृतिक सौंदर्य देखकर वे अभिभूत हो गईं। देवधारा जलप्रपात परिसर में महिला बाइकर्स टीम ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत बरगद (बढ़) और पीपल के पौधों का रोपण किया। इस दौरान वहां मौजूद अन्य पर्यटकों और आगंतुकों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधारोपण की महत्ता के प्रति जागरूक किया गया।

**वन विभाग सहित पुलिस के अमला भी साथ में रहे-** महिला बाइकर्स ने उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व में पर्यटन को बढ़ावा देने के प्रयासों और यहां के बेहतरीन इको टूरिज्म प्रबंधन की जमकर सराहना की इस पूरे आयोजन के दौरान उत्तर उदंती के वन परिक्षेत्र अधिकारी ज्योति ध्रुव, मैनपुर थाना प्रभारी सिद्धेश्वर प्रताप सिंह एवं वन विभाग का स्थानीय व पुलिस विभाग का अमला सुरक्षा एवं सहयोग के लिए मुस्तैद रहा।

**खबर संक्षेप**

### विशेष लोक अदालत में सवा 17 लाख रुपए का हुआ अवॉर्ड पारित

**सरायपाली।** न्यायालय भवन में विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसमें 7 प्रकरणों में लगभग सवा 17 लाख रुपए का अवॉर्ड पारित हुए। उक्त प्रकरण विगत 5 वर्षों से विभिन्न न्यायालयों में विचाराधीन थे। जिन्हें आपस में सुलझा लिए जाने पश्चात दोनों पक्षों में खुशी व संतुष्टि नजर आई। इस संबंध में जिला एवं अतिरिक्त न्यायालय से मिली जानकारी के अनुसार 18 जुलाई को न्यायालय भवन में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिता डहरिया के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया। विशेष लोक अदालत की उक्त 03 खंडपीठों में बैंक रिकवरी प्रकरण, बकाया की वसूली संबंधी मामले से संबंधित प्रकरण सुनवाई के लिए परक्राम्य लिखत अधिनियम की धारा-138 के अधीन परिवाद पर उक्त खंडपीठों में उपरोक्त सभी मामलों की सुनवाई करते हुए सरायपाली न्यायालयों में प्रकरणों का निराकरण किया गया। खंडपीठ क्रमांक 02 वैभव घृतलहरे न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी के न्यायालय में धारा 138 के 04 प्रकरण में 11,08,410 रुपए 5 वर्षो से चल रहे प्रकरण का विशेष लोक अदालत के माध्यम से हुआ निराकरण। खंडपीठ क्रमांक 03 प्रगति गुर्दे न्यायिक मजिस्ट्रेट सरायपाली के न्यायालय में धारा 138 के 03 प्रकरण में 6,17,000 रुपए के राशि साथ निराकरण किया गया।

### सीईओ योगेश्वरी को स्थानांतरण पर दी गई भावभीनी विदाई

**पिथौरा (ग्रामीण)।** जनपद पंचायत पिथौरा की मुख्य कार्यपालन अधिकारी योगेश्वरी बर्मन का स्थानांतरण बिलाईगढ़ होने पर जनपद पंचायत के जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। जनपद सभागार में आयोजित विदाई समारोह में जनपद अध्यक्ष उषा पुरुषोत्तम धृतलहरे, उपाध्यक्ष ब्रह्मानंद पटेल, सरपंच संघ अध्यक्ष सतपाल सिंह छाबड़ा, वरिष्ठ जनपद सदस्य पुरुषोत्तम धृतलहरे, कवलजीत सिंह छाबड़ा, सरपंच संघ उपाध्यक्ष शशि कला पटेल एवं पवन कुमार साहू सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। अपने सम्मान में आयोजित विदाई समारोह को संबोधित करते हुए सीईओ योगेश्वरी बर्मन ने पिथौरा जनपद में अपने कार्यकाल को स्वर्णिम एवं यादगार बताया। उन्होंने कहा कि पिथौरा जनपद में जनप्रतिनिधियों एवं शासकीय कर्मचारियों के बीच बेहतर तालमेल है, जो क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। अपने कार्यकाल के दौरान उन्हें सभी वर्गों का सकारात्मक सहयोग मिला, जिसके चलते विभिन्न शासकीय योजनाओं के जमीनी क्रियान्वयन में अपेक्षातीत सफलता मिली। उन्होंने कहा कि कार्यकाल भले ही अल्प रहा, लेकिन अनुभव के लिहाज से यह अत्यंत महत्वपूर्ण रहा। पिथौरा की स्मृतियां उन्हें आजीवन याद रहेंगी। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान मिले सहयोग के लिए जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, जनपद सदस्यों, सरपंचों एवं समस्त अधिकारी-कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### सहकारी समितियां और राजस्व विभाग संयुक्त रूप से करेंगे काम, अंतिम तिथि 31 अक्टूबर तक

# एक ऋण पुस्तिका में दर्ज सभी लोगों का एग्री स्टेक पंजीयन अनिवार्य, तभी बेच सकेंगे धान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रसेला

समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए एग्री स्टेक पोर्टल में पंजीयन की व्यवस्था इस बार बदल दी गई है। एक ऋणपुस्तिका में दर्ज सभी लोगों के नाम से पंजीयन करवाना होगा। तभी धान बेच सकेंगे। वहीं पिछले साल तक कृषि विभाग एग्री स्टेक पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करवा रहा था लेकिन इस बार अब सहकारी समितियां और राजस्व विभाग संयुक्त रूप से पंजीयन करेंगे। 31 अक्टूबर तक किसानों को पंजीयन के लिए समय दिया गया है। खास बात यह है कि ऐसी भी व्यवस्था की गई है कि यदि कोई किसान अपने खेत को अधिया या रेगहा में दिया है तो इसे लेने वाले किसान के नाम से भी एग्री स्टेक पोर्टल में पंजीयन होगा। इसके लिए संबंधित कृषि भूमि के मालिक और रेगहा लेने वाले किसान के बीच विधिवत एग्रीमेंट पेपर होना चाहिए। अंचल में पिछले साल वर्ष 2025-26 में हजारों किसानों ने एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन कराया था, लेकिन पोर्टल में तकनीकी खामियां आने की वजह से किसानों को परेशानी उठानी पड़ी। यदि किसी किसान का जमीन तीन स्थानों में है तो एक ही आईडी बनेगा लेकिन खाते में तीन लोगों का नाम दर्ज है तो सभी का यूनिक आईडी बनेगा। नियमानुसार पंजीयन के बाद पंजीकृत किसानों की सूची उपलब्ध कराने शासन स्तर से निर्देश दिए गए है।

**समझें पंजीयन की बदली व्यवस्था-** 1. अधिया व रेगहा वालों का ऐसा पंजीयन यदि कोई किसान की 10 एकड़ जमीन है और वह छत्तीसगढ़ से बाहर रहता है। उसने अधिया या रंगहा पर कृषि जमीन ली है। तो कृषि जमीन के मालिक और अधिया रेगहा लेने वाले किसान के बीच विधिवत एग्रीमेंट की कापी एवी स्टेक पोर्टल में अपलोड करना होगा। इसका सत्यापन राजस्व विभाग से जुड़े पटवारी व अधिकारी करेंगे। जिस खसरा नंबर पर जमीन है उसका मुईया पोर्टल में अपलोड कर पुष्टि की जाएगी। धान बेचने पर रेगहा व अधिया लेने वाले किसान के खाते में ही पैसा आएगा।

**2. एक ऋण पुस्तिका में 4 पंजीयन-** यदि किसी किसान के चार पुत्र हैं। किसान की मृत्यु हो गाई और उनके चारों पुत्रों के नाम पर फावती आ गई लेकिन नामांतरण नहीं हुआ है। उस स्थिति में किसान के एक ऋण पुस्तिका में उनके चारों पुत्रों का नाम आएगा। चारों के नाम से एकी स्टेक पोर्टल में पंजीयन करवाया जाएगा।

**3. जमीन खरीदी व ब्रिकी पर पंजीयन-** यदि किसी किसान ने इस साल अपनी 3 एकड़ कृषि जमीन बेच दी। उसकी जमीन किसी और किसान ने खरीदी। ऐसे में एग्री स्टेक पोर्टल में बेचने वाले किसान का रकबा कटेगा और खरीदने वाले नए किसान के रूप में दर्ज होगा। इसी तरह यदि कोई किसान जितनी जमीन बेचता है या खरीदता है तो उतना हिस्सा एकीपोर्टल में कम या ज्यादा दर्ज करवाना जरूरी है। ऋण पुस्तिका, आधार व लिंक मोबाइल नंबर अनिवार्य रहेगा।



**इस तरह पंजीयन की प्रक्रिया करें किसान**

जिन किसानों ने अब तक एग्री स्टेक पंजीयन नहीं कराया है, उन्हें ऋण पुस्तिका के साथ आधार कार्ड ले जाकर कॉमन सर्विस सेंटर सीएससी में जरूरी प्रोसेस कराना होगा। इसके लिए लिंक मोबाइल नंबर बताना होगा। पहले सिर्फ मुखिया को पंजीयन कराना होता था। जिसके आधार पर समर्थन मूल्य पर धान बेचते थे लेकिन अब उनके सह खातेदारों के नाम भी दर्ज होंगे। एकी स्टेक पंजीयन के लिए खातेधारों, सह खातेदारों एवं खाते के सभी खसरा नंबर का पंजीयन अनिवार्य कराना है। छूटे हुए खातेदार, सह खातेदारों, किसानों की सूची वाम पंचायत व समिति में चरपा होने के साथ-साथ हल्का पटवारी एवं आईओ के पास भी उपलब्ध है। हल्का पटवारी को गांव में तीन बार मुनादी कराने निर्देश दिए गए है। राजस्व व कृषि विभाग के अनुसार खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर धान बेचने के लिए सभी श्रेणी के किसानों के लिए एकी स्टेक (किसान आईडी) पंजीयन अनिवार्य कर दिया गया है। जितने भी नाम शामिल है, सभी का पंजीयन अनिवार्य किया गया है।

## मुरमुरा स्कूल में छात्र संगठन का चुनाव, तोमेश बने शाला नायक और सरिता उप शाला नायक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ छुईहा बेलर



शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल मुरमुरा में शनिवार को छात्र संगठन चुनाव का सफलतापूर्वक समापन लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत संपन्न हुआ। चुनाव के बाद नवगठित छात्र संगठन के पदाधिकारियों को मुख्य चुनाव अधिकारी एवं प्राचार्य द्वारा पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। साथ ही पूर्व छात्र प्रतिनिधियों के योगदान को स्मरण करते हुए उन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भाजपा नेता रेखराम साहू (मुरमुरा) ने कहा कि छात्र संगठन का गठन विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, जिम्मेदारी और लोकतांत्रिक मूल्यों का विकास करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने नव निर्वाचित छात्र प्रतिनिधियों से अपने दायित्वों का ईमानदारी एवं निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का आह्वान किया। प्राचार्य एलआर साहू सहित शिक्षक, आईएल साहू, टी.आर. साहू, मंगलदास नागेश, डी.पी. शर्मा, रूद्र कुमार यादव, कुलदीप भारतीय एवं चित्रलेखा नागेश ने छात्र प्रतिनिधियों को अनुशासन बनाए रखने, विद्यालय के दैनिक कार्यों एवं प्रार्थना सभा के संचालन में शिक्षकों का सहयोग करने, कक्षाओं की स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने तथा वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों, खेलकूद प्रतियोगिताओं, विज्ञान मेले और वाद-विवाद प्रतियोगिताओं के सफल आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाने की प्रेरणा दी। नवगठित छात्र संगठन के पदाधिकारी इस प्रकार हैं शाला नायक तोमेश साहू (भेंडरी), उप शाला नायक सरिता साहू (मुरमुरा), खेल प्रभारी सीतल साहू (घुरसा), कक्षा 11 के कप्तान फलेनद साहू, अनुशासन प्रभारी दीपांशु साहू (कसेरूडिहि), बागवानी प्रभारी कुमकुम साहू (गाड़ाघाट) कार्यक्रम में स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अनिल साहू, दीपक साहू, रेखु साहू, छात्र मोहित साहू, रोहित निषाद, तेज कुमार साहू, दुष्यंत कुमार साहू, शंकरलाल साहू सहित बड़ी संख्या में अभिभावक, छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

## राष्ट्रगौरव के प्रतीकों पर हो गरियाबंद के प्रमुख चौकों का नामकरण : प्रो. संजीव कर्मकार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गरियाबंद



भारतीय जनता पार्टी के शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश सह-संयोजक प्रो. (डॉ.) संजीव कर्मकार 'वशिष्ठ' ने गरियाबंद नगर के प्रमुख चौकों का नाम राष्ट्रनिर्माताओं और राष्ट्रगौरव के प्रतीकों के नाम पर रखने की मांग उठाई है। इस संबंध में भाजपा शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रतिनिधिमंडल ने नगर पालिका परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) संध्या वर्मा को प्रस्ताव सौंपकर जनभावनाओं के अनुरूप निर्णय लेने का आग्रह किया। प्रो. (डॉ.) संजीव कर्मकार 'वशिष्ठ' के नेतृत्व में जिला संयोजक मुन्नालाल देवदास, सह-संयोजक अशोक मिश्रा, केसर कुमार निर्मलकर, राजेन्द्र सिंह परिहार, सदस्य श्रीमती गीता पटेल एवं हेमकुमार ने नगर के प्रमुख चौकों एवं सार्वजनिक स्थलों का भ्रमण किया। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल ने सीएमओ से मुलाकात कर प्रदेश कार्यसमिति की ओर से नामकरण का प्रस्ताव प्रस्तुत किया। प्रस्ताव में सिविल लाइन चौक (स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के सामने स्थित चौक) का नाम डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौक तथा वर्तमान बाज़ार चौक का नाम /"पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक/" रखने की मांग की गई। इस अवसर पर प्रो. (डॉ.) संजीव कर्मकार 'वशिष्ठ' ने कहा कि राष्ट्रनिर्माताओं और महान विभूतियों के नाम पर सार्वजनिक स्थलों का नामकरण केवल सम्मान का विषय नहीं है, बल्कि इससे नई पीढ़ी को उनके विचारों, आदर्शों और राष्ट्रसेवा की प्रेरणा भी मिलेगी। उन्होंने कहा कि ऐसे नामकरण से गरियाबंद की सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और राष्ट्रीय पहचान को भी नई मजबूती मिलेगी।

प्रतिनिधिमंडल ने उम्मीद जताई कि नगर पालिका परिषद जनभावनाओं का सम्मान करते हुए प्रस्ताव पर सकारात्मक निर्णय लेगी और नगर के प्रमुख चौकों को राष्ट्रगौरव के प्रतीकों के नाम से नई पहचान प्रदान करेगी।

## हरिहर स्कूल में टॉपर नौनिहालों का पूर्व छात्रों ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नवापारा-राजिम



पीएमश्री शास हरिहर उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक शाला के सत्र 1990-91 बैच के विद्यार्थी परेशकुमार सिंह ,राजेश वर्मा, सौरभ शर्मा, अशोक भट्ट, जय कुमार जैन, संदीप बोथरा, किशोर नागवानी, योगेश रावका, अमरजीत ऑयल सिंघानी, जयेश लोटिया, दिनेश देवांगन, रमेश तिवारी, आशीष दीवान, सुनील बंगानी, अजय कोचर, शीतल सांखला, यशवंत यादव, मनीष देवांगन, वंदना देवांगन, जितेंद्र लालवानी, आशुतोष शर्मा, इशाक ढेबर द्वारा इस स्कूल के सत्र 2025-26 में हायर सेकेंडरी के टॉपर देवकुमार दुबे, सुनील चक्रधारी, पकंज कुमार तथा हाई स्कूल से मोहित कंसारी, वंश देवांगन, पुष्पेंद्र कुमार और कक्षा पांचवी में विकासखंड में प्रथम स्थान प्राप्त कु अध्या साहू का प्रशस्ति पत्र, प्रतीक चिन्ह तथा प्रथम, द्वितीय, तृतीय को क्रमशः 5000, 3000 तथा 2000 की नगद राशि देकर सम्मानित किया गया।

### पूरन लाल साहू को मिला राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान



**फिंगेश्वर।** राष्ट्रीय शिक्षा अंजोर भारत के तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बिजली के व्याख्याता पूरन लाल साहू को राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान पुरस्कार 2026 से सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान साहित्य, समाज सेवा और शिक्षा के क्षेत्र में नवाचारी गतिविधियों और उत्कृष्ट शैक्षणिक योगदान किया गया। विमतरा भवन शांति नगर रायपुर में आयोजित एक समारोह में स्वर्गीय हरिवंश मिश्र की स्मृति में उनके पुत्र पूर्णानंद मिश्रा द्वारा यह सम्मान प्रदान किया गया।




**मंत्रोच्चार के साथ छात्रावास में पौधारोपण**

# पौधा लगाना ही नहीं, उसे वृक्ष बनाना हमारी जिम्मेदारी : संतोष साहू

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजिम



पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गायत्री परिवार और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने मिलकर प्री मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास राजिम में तीन पाम के पौधे रोपे। कार्यक्रम की शुरूआत मंत्रोच्चार और धरती माता के पूजन व पूरे उत्साह के साथ पौधा लगाया। इस अवसर पर नगर पालिका राजिम के सभापति कुलेश्वर साहू ने इस अभियान की सराहना की और आने वाले समय में विशेष सहयोग करने की बात कही। गायत्री शक्तिपीठ राजिम के ट्रस्टी संतोष साहू ने कहा कि केवल पौधा लगाना ही काफी नहीं है, बल्कि एक बच्चे की तरह उसकी देखभाल करना और उसे वृक्ष बनाना हमारी असली जिम्मेदारी है। छात्रावास के अधीक्षक निश्चल खरे ने कहा कि गायत्री परिवार के द्वारा पहले भी पौधारोपण किया गया था आज विशाल पेड़ बन चुका है। छात्रावास में विभिन्न प्रकार के फलदार छायादार वृक्ष लगाया गया है जिससे यहां का वातावरण बहुत ही सुंदर है। इस अवसर पर उपस्थित साहू समाज परिक्षेत्र पोखरा के उपाध्यक्ष पदमा साहू, ग्रामीण उपाध्यक्ष ललिता साहू बकली,सचिव टामेश्वरी साहू रांवड़, सदस्य गायत्री साहू बासीन, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति परसदा जोशी के अध्यक्ष एवं सामाजिक कार्यकर्ता ललित साहू ने छात्रावास के लिए वृक्ष दान करते हुए समाज के युवाओं से अपील किया कहा कि वे अपने जीवन के विशेष अवसरों जन्मदिन, वर्षगांठ पर कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं। गायत्री परिवार के इकाई प्रमुख रामकुमार साहू ने कहा कि बढ़ता प्रदूषण और बदलता मौसम हमारे लिए एक चेतावनी है, जिससे निपटने का एकमात्र उपाय 'हरित क्रांति' ही है। कार्यक्रम में पूरन साहू वृक्षारोपण प्रभारी,साधु राम निषाद सह समन्वयक, राजेंद्र पाड़े शिक्षक, इंद्रदेव दीवान, शिवकुमार साहू, यादराम ध्रुव ,रुद्रप्रताप साहू, छात्रावास के बच्चों सहित सभी लोगों ने पर्यावरण को स्वच्छ और हरा-भरा बनाए रखने का सामूहिक संकल्प लिया।

## खबर संक्षेप

### पूर्व मंत्री चंपू ने बलराम तिवारी को दी श्रद्धांजलि

अभनपुर। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू ने भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष स्वर्गीय बलराम तिवारी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। अस्वस्थ होने के कारण चिकित्सकों की सलाह पर घर पर स्वास्थ्य लाभ ले रहे श्री साहू ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दिवंगत नेता के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। श्री साहू ने कहा कि स्वर्गीय बलराम तिवारी सांगठनिक क्षमता के धनी, सरल, सहज एवं मृदुभाषी व्यक्तित्व के स्वामी थे। उन्होंने संगठन के विभिन्न दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन करते हुए भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा को गांव-गांव तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके समर्पण, कार्यशैली और संगठन के प्रति निष्ठा को सदैव याद रखा जाएगा।

### पालिकाध्यक्ष के निर्देश पर फिल्टर प्लांट के उपकरणों के सुधार कार्य प्रारंभ

**महासमुंद।** नगर पालिका के बेलसोडा स्थित फिल्टर प्लांट में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को और अधिक सुचारु एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से आवश्यक उपकरणों के सुधार एवं मरम्मत कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। यह कार्य नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू के हालिया निरीक्षण के दौरान दिए गए निर्देशों के पालन में शुरू किया गया है। निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष ने फिल्टर प्लांट की कार्यप्रणाली का अवलोकन करते हुए पाया था कि कुछ उपकरणों के रखरखाव एवं सुधार की आवश्यकता है। इस पर उन्होंने तत्काल जल प्रभारी को आवश्यक मरम्मत कार्य शीघ्र प्रारंभ कराने के निर्देश दिए थे, ताकि नागरिकों को निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण पेयजल उपलब्ध कराया जा सके। पालिकाध्यक्ष ने कहा कि नगरवासियों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराना नगर पालिका की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। फिल्टर प्लांट के उपकरणों का समय-समय पर रखरखाव एवं आवश्यक सुधार कार्य किए जाने से जलापूर्ति व्यवस्था अधिक सुदृढ़ होगी तथा भविष्य में तकनीकी बाधाओं की संभावना भी कम होगी। इस संबंध में जल प्रभारी दुर्गेश कुंजेकार ने बताया कि सुधार कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कर लिया जाएगा तथा कार्य की नियमित निगरानी भी की जाएगी।

बाघ, तेंदुआ, भालू, गौर, जंगली कुत्ता, सांभर के साथ विभिन्न प्रजातियों के पक्षियों की लगातार आमद

# बाघ संरक्षण ही नहीं, प्रकृति संरक्षण का ग्लोबल मॉडल बन रहा उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

छत्तीसगढ़ का उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व (यूएसटीआर) जैव विविधता संरक्षण के क्षेत्र में लगातार नई उपलब्धियां हासिल कर रहा है यहां बाघ, तेंदुआ, भालू, गौर, जंगली कुत्ता, सांभर, चीतल, चौसिंगा, नीलगाय, जंगली सूअर सहित अनेक वन्यजीवों के साथ विभिन्न प्रजातियों के पक्षियों की लगातार दर्ज हो रही मौजूदगी इस बात का संकेत है की टाईगर रिजर्व का पारिस्थितिकी तंत्र पहले की तुलना में अधिक संतुलित और समृद्ध हुआ है वन विभाग द्वारा संरक्षण कार्यों में आधुनिक तकनीकों का प्रभावी उपयोग किया जा रहा है कैमरा ट्रैप से वन्यजीवों की नियमित निगरानी, जंगलों में गश्त, अवैध शिकार पर सख्त नियंत्रण, कृत्रिम जलस्त्रोतों का निर्माण, घासभूमि विकास, आग से बचाव के विशेष उपाय तथा वन्यजीवों के प्राकृतिक आवास के संरक्षण जैसे कई नवाचारों से वन क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहे हैं रिजर्व में पक्षियों की बढ़ती संख्या भी पर्यावरणीय संतुलन का महत्वपूर्ण संकेत मानी जा रही है विभिन्न स्थानीय और प्रवासी पक्षियों की मौजूदगी यह दर्शाती है कि जंगल में पर्याप्त भोजन, जल और सुरक्षित आवास उपलब्ध हैं इससे पूरे वन क्षेत्र की जैव विविधता और पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूती मिल रही है वन विभाग स्थानीय ग्रामीणों और ईको-डेवलपमेंट समितियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित कर संरक्षण कार्यों को जनआंदोलन का स्वरूप देने का प्रयास कर रहा है ग्रामीणों को वन एवं वन्यजीव संरक्षण वन्यजीवों और पक्षियों की बढ़ती मौजूदगी से मजबूत हो रहा पारिस्थितिकी तंत्र, आधुनिक तकनीक और जनसहभागिता से सरंक्षण को मिली नई गति के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ वैकल्पिक आजीविका और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कार्यक्रम भी संचालित किए जा रहे हैं इससे मानव-वन्यजीव संघर्ष में कमी आने के साथ संरक्षण कार्यों को भी मजबूती मिली है वन्यजीव विशेषज्ञों का मानना है कि किसी भी संरक्षित क्षेत्र में विभिन्न प्रजातियों के जीव जंतुओं और पक्षियों की निरंतर उपस्थिति उस क्षेत्र के स्वस्थ पर्यावरण और मजबूत खाद्य श्रृंखला का प्रमाण होती है। उदंती–सीतानदी टाइगर रिजर्व में लगातार मिल रहे ऐसे संकेत भविष्य के लिए बेहद उत्साहजनक हैं।




### वन्यजीव संरक्षण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है: वरूण

उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व के उपनिदेशक वरुण जैन ने बताया उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व में वन्यजीव संरक्षण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है आधुनिक तकनीक, वैज्ञानिक प्रबंधन और स्थानीय समुदाय की सक्रिय भागीदारी के माध्यम से हम जैव विविधता संरक्षण को और मजबूत बना रहे है वन्यजीवों तथा पक्षियों की बढ़ती मौजूदगी हमारे संरक्षण प्रयासों की सफलता का सकारात्मक संकेत है आने वाले समय में भी प्राकृतिक आवासों के संरक्षण, वन्यजीवों की सुरक्षा और पारिस्थितिकी तंत्र को सु–ढ़ बनाने के लिए निरंतर नवाचार किए जाएंगे। केवल बाघ संरक्षण का केंद्र नही, प्रकृति संरक्षण का एक सफल मॉडल बनकर उभर रहा यूएसटीआर उदंती–सीतानदी टाइगर रिजर्व आज केवल बाघ संरक्षण का केंद्र नहीं, बल्कि समृद्ध जैव विविधता, संतुलित पारिस्थितिकी तंत्र और सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से प्रकृति संरक्षण का एक सफल मॉडल बनकर उभर रहा है। वन विभाग को उम्मीद है कि भविष्य में भी इन प्रयासों से रिजर्व में वन्यजीवों की संख्या और जैव विविधता में निरंतर वृद्धि होगी।





### वनभैंसा के आने से ग्रामीणों में दहशत वन विभाग ने जारी की चेतावनी



मुड़ागांव (कोरासी)। वन परिक्षेत्र फिंगेश्वर के अंतर्गत सोरिद खुर्द बीट के जंगल में अचानक वनभैंसा (जंगली भैंसा) के दिखाई देने से आसपास के ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। वनभैंसा के जंगल से गांव की ओर आने की आशंका को देखते हुए वन विभाग ने एहतियाती कदम उठाए हैं। वन विभाग द्वारा गांव में मुनादी कराकर ग्रामीणों से अपील की गई है कि वे फिलहाल जंगल, खेत-खलिहान तथा वन क्षेत्र की ओर जाने से बचें। साथ ही राहगीरों को भी सावधानी बरतते हुए आवाजाही करने और वनभैंसा दिखाई देने पर उससे सुरक्षित दूरी बनाए रखने की सलाह दी गई है। वन अमला स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है। विभाग ने ग्रामीणों से आग्रह किया है कि यदि कहीं वनभैंसा दिखाई दे तो उसकी जानकारी तत्काल वन विभाग को दें तथा किसी भी स्थिति में उसे छेड़ने या उसके पास जाने का प्रयास न करें। ग्रामीणों ने वन विभाग से वनभैंसा की निगरानी बढ़ाने तथा लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके।

# सिलाई प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं को प्रमाण पत्र का वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

एकल ग्रामोत्थान फाउंडेशन द्वारा संचालित सिलाई प्रशिक्षण केंद्र, ग्राम रसेला में प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं के लिए प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ 'ॐ' के सामूहिक उच्चारण, गायत्री मंत्र एवं हनुमान चालीसा के पाठ के साथ हुआ। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से अनिल डागा जी अध्यक्ष, ईजीफ छत्तीसगढ़



महिलाओं को बांटे प्रमाण पत्र

संगीता मिश्रा प्रभारी,महेंद्र द्विवेदी उपस्थित रहे। प्रमाण पत्र वितरण के उपरांत प्रशिक्षण प्राप्त बहनों एवं उपस्थित अतिथियों ने अपने अनुभव साझा किए। ममता ठाकुर, राधिका सोरी, दुर्गा नेताम, माधुरी यादव एवं आरती ठाकुर ने प्रशिक्षण से प्राप्त कौशल, आत्मविश्वास एवं स्वरोजगार की संभावनाओं पर अपने विचार व्यक्त किए।कार्यक्रम के अंत में सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दी गईं। उपस्थित अतिथियों ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने, स्वरोजगार अपनाने तथा समाज के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। अंत में सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हुआ।

### बिजली कार्यालय के सामने किचड़ से परेशानी



मैनपुर। तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में बिजली कार्यालय के सामने किचड़ और दलदल से इन दिनों उपभोक्ताओं और कर्मचारियों को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बिजली बिल भुगतान के लिए इसी किचड़ और दलदल को पार कर उपभोक्ताओं को बिजली भुगतान के लिए जाना पड़ता है।

# वार्ड क्रमांक 12 की नाली निकासी समस्या का सीएमओ ने किया निरीक्षण, बिना अनुमति निर्माण पर जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर के वार्ड क्रमांक 12 (पिटियाझर) में नाली निकासी की समस्या का मुख्य नगर पालिका अधिकारी सौरभ शर्मा ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। इस दौरान वार्ड पार्षद व स्वच्छ भारत मिशन के प्रभारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने क्षेत्रवासियों से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा जल निकासी व्यवस्था का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने वार्ड में बिना अनुमति के भवन बनाए जा रहे मकानों के संबंध में वार्ड प्रभारी से जानकारी ली। वार्ड प्रभारी द्वारा संतोषजनक जानकारी नहीं दिए जाने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की और स्पष्ट निर्देश दिए कि बिना अनुमति किए जा रहे किसी भी निर्माण की तत्काल जानकारी उपलब्ध कराई जाए तथा नियमानुसार



आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। सीएमओ ने संबंधित प्रभारियों को निर्देशित किया कि नाली की सफाई कर अवरोधों को हटाने की कार्रवाई करें। ताकि, वर्षा के दौरान जलभराव की समस्या उत्पन्न न हो। साथ ही उन्होंने कहा कि भवन निर्माण अनुमति संबंधी नियमों का कड़ाई से पालन कराया जाएगा और बिना अनुमति किए जा रहे निर्माण कार्यों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि नगर पालिका नागरिक सुविधाओं के साथ-साथ भवन निर्माण संबंधी नियमों के पालन को लेकर भी गंभीर है। किसी भी अधिकारी या कर्मचारी द्वारा लापरवाही बरतने पर जिम्मेदारी तय की जाएगी तथा आवश्यक प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान पार्षद कल्पना सूर्यवंशी, भारती चंद्राकर, पूर्व पार्षद राजेंद्र चंद्राकर, एसबीएम प्रभारी नौशाद बक्श एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी संगठन का चतुर्थ स्थापना दिवस 28 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी संगठन जिला गरियाबंद का आवश्यक बैठक महादेव घाट कणेश्वर महादेव में कंवर समाज भवन में संपन्न हुआ कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी संगठन के संगठनात्मक विशेष चर्चा की गई। सदस्यता अभियान बूथ लेवल पर किया जाएगा,उसके बाद राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी संगठन के चतुर्थ वर्ष गांठ बनाने के लिए 28 जुलाई को स्थापना दिवस के रूप में मनाने का संकल्प लिया है और छत्तीसगढ़ के सभी जिला मुख्यालय में 28 जुलाई को चतुर्थ स्थापना दिवस मनाने का संकल्प राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी संगठन के समस्त पदाधिकारी सक्रीय कार्यकर्ता गण मातृशक्तियो ने मनाने का संकल्प लिया है। कार्यक्रम में



प्रमुख रूप से राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रोशन दुबे,श्रीमती वर्षा दुबे,प्रदेश प्रवक्ता नरेंद्र शर्मा,मानवाधिकार आयोग के प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण कुमार चंद्राकर, जिला गरियाबंद के जिला अध्यक्ष दशरथ सिंन्हा, जिला प्रभारी मिन्जून साहू, जिला उपाध्यक्ष अरुण कुमार सिंन्हा, प्रचार प्रसार प्रमुख अमृत शर्मा, भगवत सिंन्हा, हेमंत सिंन्हा, संतोष साहू सुखीराम दीवान, लालता ध्रुव, मुकेश ध्रुव, जिला पंचायत के सभापति प्रतिनिधि कोमल ढीढी जिला सदस्य प्रेमलाल टोडर, रायपुर जिला राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी संगठन के जिला अध्यक्ष कृष्ण कुमार साहू, डाली विश्वकर्मा महासमुंद, महिला प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मोहनी शर्मा, जिला संगठन मंत्री एवती साहू, महिला मोर्चा ममता साहू, नीरा साहू, कौशल्या साहू, सुखम दीवान, कुमारी बाई साहू सहित मातृशक्ति एवं पदाधिकारी गण उपस्थित है।

# गायडबरी स्कूल में छात्र संघ एवं युवा बाल संसद का गठन, पदाधिकारियों ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव (कोरासी)

शासकीय हाई स्कूल गायडबरी, विकासखंड छुरा, जिला गरियाबंद में विद्यालय के सुचारु संचालन एवं अनुशासन व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से संस्था के प्राचार्य कामता प्रसाद ध्रुव के मार्गदर्शन में छात्र संघ का गठन किया गया। छात्र संघ के गठन में कक्षा 10वीं से गजेंद्र कुमार को अध्यक्ष तथा सुरेश कुमार को उपाध्यक्ष चुना गया। कक्षा 10वीं के मयंक कुमार को कक्षा नायक एवं कुमारी दुर्गेश को उपकक्षा नायक बनाया गया। वहीं कक्षा 9वीं से अमन कुमार को कक्षा नायक तथा कुमारी संगीता को उपकक्षा नायक



का दायित्व सौंपा गया। इसके साथ ही विद्यालय में इको क्लब, गणित क्लब, विज्ञान क्लब एवं युवा क्लब के अंतर्गत युवा बाल संसद का भी गठन किया गया। इसमें कुमारी टेमीन को प्रधानमंत्री, कुमारी लीया को उप प्रधानमंत्री, कुमारी डुमेश्वरी को शिक्षा मंत्री, पुष्पेंद्र कुमार को उप शिक्षा मंत्री, पंकज को वित्त मंत्री, समर सिंह ध्रुव को उप वित्त मंत्री, त्रिलोक को खेल मंत्री, विराट को उप खेल मंत्री, देवेश को कानून मंत्री, गोपीचंद को उप कानून मंत्री, मयंक को रक्षा मंत्री, शेखर को उप रक्षा मंत्री, देवेंद्र कुमार को कृषि मंत्री, घनश्याम को उप कृषि मंत्री, मनमोहन को उद्योग मंत्री, गोवर्धन को उप उद्योग मंत्री तथा पुष्पेंद्र को स्वास्थ्य एवं स्वच्छता मंत्री एवं पीयूष को उप स्वास्थ्य एवं स्वच्छता मंत्री चुना गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को संस्था के व्याख्याता भोजराम साहू ने शपथ दिलाई। इस अवसर पर प्राचार्य कामता प्रसाद ध्रुव ने सभी छात्र पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे अपने-अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करें तथा विद्यालय में अनुशासन, स्वच्छता और सकारात्मक वातावरण बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि सभी छात्र मिलकर विद्यालय को एक आदर्श शिक्षण संस्थान बनाने में अपना योगदान दें। कार्यक्रम में व्याख्याता भोजराम साहू, नरेंद्र कुमार दीवान, होरीलाल मारकण्डे, प्रीति तिवारी सहित विद्यालय के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

जन चेतना से जन सुरक्षा अभियान तेज, संदिग्धों की सूचना देने मकान मालिकों से अपील

# मकान किराए पर देने से पहले पुलिस सत्यापन कराना अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

एसपी वेदव्रत सिरमौर की पहल पर जिले भर में इन दिनो जन चेतना से जन सुरक्षा का विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत मकान मालिक,ग्राम प्रमुख एवं नागरिको से आग्रह किया जा रहा है कि यदि गांव में कोई अंजान या संदिग्ध व्यक्ति दिखे तो फौरन पुलिस को खबर करें। बताया गया है कि पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर के निर्देशन में जिले में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विशेष जनजागरूकता अभियान के रूप में चलाया जा रहा है। खास बात यह है कि \\/"जन चेतना से जन सुरक्षा\\/" थीम पर आधारित इस अभियान के तहत लोगों से अपराधों की रोकथाम में पुलिस का सक्रिय सहयोग करने का आह्वान किया गया है। अभियान का उद्देश्य आमजन को सुरक्षा व्यवस्था का सहभागी बनाकर जिले को सुरक्षित, शांतिपूर्ण और अपराधमुक्त वातावरण प्रदान करना है। इसी क्रम में राजिम थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के नागरिकों, ग्राम प्रमुखों, जनप्रतिनिधियों तथा मकान मालिकों से अपील की है कि वे अपने आसपास रहने वाले प्रत्येक अंजान एवं संदिग्ध व्यक्ति पर सतर्क निगाह रखें। यदि किसी क्षेत्र में कोई संदिग्ध गतिविधि, अवैध प्रवासी अथवा अपरिचित व्यक्ति संदिग्ध परिस्थितियों में निवास करता दिखाई दे, तो इसकी सूचना तत्काल राजिम थाना अथवा जिला पुलिस कंट्रोल रूम के टोल फ्री नंबर 1800-233-1905 पर दें। राजिम थाना प्रभारी अमृतलाल साहू ने कहा कि वर्तमान समय में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए नागरिकों की जागरूकता सबसे महत्वपूर्ण है। पुलिस अकेले हर गतिविधि पर नजर नहीं रख सकती, इसलिए समाज के प्रत्येक जिम्मेदार नागरिक का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने कहा कि समय पर दी गई एक छोटी-सी सूचना भी किसी बड़ी आपराधिक घटना को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। कहा कि किरायेदारों का सत्यापन कराना अनिवार्य है।

### सूचना देने वाले की पहचान रहेगी पूरी तरह गोपनीय





अभियान के तहत ग्राम प्रमुख सरपंचों, मोहल्ला समितियों, सामाजिक संगठनों एवं जागरूक नागरिकों से भी सहयोग मांगा गया है। पुलिस ने कहा है कि यदि प्रत्येक नागरिक अपने आसपास होने वाली गतिविधियों के प्रति सजग रहेगा, तो अपराधियों और संदिग्ध तत्वों के लिए क्षेत्र में सक्रिय होना मुश्किल हो जाएगा। पुलिस प्रशासन का मानना है कि कानून व्यवस्था केवल पुलिस के प्रयासों से नहीं, बल्कि जनता की सक्रिय भागीदारी से ही मजबूत हो सकती है। सजग नागरिक ही सुरक्षित समाज की नींव होते हैं। नागरिकों के सहयोग से अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सकता है तथा पूरे क्षेत्र को भयमुक्त और सुरक्षित बनाया जा सकता है। राजिम पुलिस ने एक बार फिर नागरिकों से अपील की है कि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि, अज्ञात व्यक्ति, अवैध प्रवासी अथवा अपराध से जुड़ी किसी भी जानकारी को छिपाएं नहीं, बल्कि तत्काल पुलिस तक पहुंचाएं। समय पर दी गई सूचना न केवल किसी बड़ी घटना को रोक सकती है, बल्कि पूरे समाज की सुरक्षा सुनिश्चित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। पुलिस का विश्वास है कि जनता के सहयोग से राजिम थाना क्षेत्र को और अधिक सुरक्षित, शांतिपूर्ण एवं अपराधमुक्त बनाया जा सकता है।

